# ग्राम पंचायत बगलई का मीठा घोटाला !

**लखनादौन नवभारत। सिवनी जिले के लखनादौन जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बगलई अब किसी विकास मॉडल के लिए नहीं, बल्कि अपने अदृश्य घोटाले के लिए पूरे ज़िले में मिसाल बन गई है। ग्राम पंचायत में सरपंच और सचिव की कथित मिलीभगत अब लड्डू घोटाले के नए रिकॉर्ड बना रही है। जहां स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) जैसे राष्ट्रीय गौरव के आयोजन में भी सरकारी धन की लूट की गई है, जिससे सरपंच की ईमानदारी और सार्वजनिक नैतिकता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**

आमतौर पर, जनप्रतिनिधि ऐसे राष्ट्रीय आयोजनों में स्वयं अपनी ओर से या व्यक्तिगत प्रयासों से मिठाई वितरण करके गाँव वालों के साथ अपनी खुशी साझा करते हैं। इसके विपरीत, बगलई के सरपंच विनोद कुमार परते ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए, न केवल सरकारी खजाने से 68 किलोग्राम लड्डू खरीदे दिखाए, बल्कि गाँववालों को उसका स्वाद तक नहीं लेने दिया। जबकि इतनी बड़ी मात्रा में खरीदे गये लड्डू पूरे गाँव में आसानी से वितरित किए जा सकते थे।

स्वतंत्रता दिवस जैसे पवित्र अवसर पर, जहाँ देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया जाता है, वहीं सरपंच की यह करतूत अत्यंत निंदनीय है और यह दर्शाता है कि भ्रष्टाचार के आगे उन्हें राष्ट्रीय पर्व

## 68 किलो लड्डू के फर्जी बिल लगा कर ,निकाले 12,240 रूपये




की गरिमा का भी कोई ख़्याल नहीं रहा। पंचायत रिकॉर्ड की गहन जाँच में पता चला है कि बालाजी मिष्ठान भंडार लखनादौन से एक ही दिन (14/08/2025) मिठाई खरीदने के तीन बिल लगाए गए हैं, जिसके तहत कुल 68 किलोग्राम लड्डू की खरीद दिखाई गई है। पंचायत ने 12,240 खर्च करके 68 किलोग्राम लड्डू खरीदे दिखाए हैं, लेकिन स्थानीय निवासियों का स्पष्ट कहना है कि उन्हें इस बड़े पैमाने पर लड्डू का वितरण नहीं किया गया। 68 किलोग्राम लड्डू का बिना बाँटे गायब हो जाना सीधे तौर पर फर्जी बिलिंग और सरकारी पैसे के गबन को दर्शाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला सिर्फ़ वित्तीय अनियमितता का नहीं, बल्कि नैतिकता के पतन का भी है। उन्होंने माँग की है कि लड्डू घोटाले की गहनता से जाँच हो और सरपंच विनोद कुमार परते व सचिव शंकर लाल यादव से इस 68 किलो मिठाई और 12,240 के सरकारी फंड का हिसाब माँगा जाए।

# युवक पर तलवार से हमला

**लखनादौन थाना के बम्होड़ी की घटना, दो महिला गिरफ्तार, तीन आरोपी फरार**

**सिवनी नवभारत।** जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के गांव बम्होड़ी में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो ने एक राय होकर रॉड लॉठी और तलवार से युवक पर हमला कर दिया। घातक वार से युवक का सिर फट गया है। यहां तक बीच बचाव करने वाले अन्य युवकों गंभीर चोटें आई है। घायलो को नाजुक हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनादौन उपचार के लिए पहुंचाया गया। चिकित्सक ने जांच उपरांत युवको को जबलपुर रेफर कर दिया।

पुलिस ने आरोपी नितेश यादव पिता भोपाल यादव ,भोपाल यादव पिता उमेद सिंह, कैलाश पिता शिवकुमार यादव, जमना पति भोपाल यादव,बिट्टू पति नितेश यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 296,115(2), 109, 351(2),3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रकरण में पुलिस ने आरोपी दो महिलाओ को गिरफ्तार कर चुकी है। तीन आरोपी फरार है। जिनकी तलाश की जा रही है। बताया गया है कि बम्होड़ी निवासी नितेश पिता टीएस यादव अपने बड़े भाई निरंजन यादव पिता व दादी के साथ गत दिवस खेत गया हुआ था। यहां निरंजन भाई के साथ दोपहर के समय खेत से घर लौट रहा था। इसके पहले ही रंजिश रखते हुए आरोपी नितेश यादव पिता भोपाल यादव ने अपने ही घर के सामने ट्रेक्टर अड़ा कर रास्ता रोक दिया। निरंजन के साथ विवाद करना शुरू कर दिया। अभ्रद भाषा का प्रयोग करने पर निरंजन के द्वारा विरोध किया। इस पर आरोपी नितेश,भोपाल यादव व कैलाश यादव ने एक राय होकर निरंजन को घेर लिया। महिलाओ ने युवक को पकड़कर कर आरोपियो ने तलवार, रॉड और लॉठी से हमला कर दिया। आरोपियो ने जान से मारने की नियत पर एक के बाद एक कई वार सिर पर किया। जिससे निरंजन मौके पर ही जमीन पर गिर गया। भाई को बचाने के लिए नितेश उर्फ छोटू और अधिवक्ता उदय यादव सामने आए तो उक्त पांचों आरोपीयों ने उनके साथ भी मारपीट की गई जिसमें इन दोनों को भी गंभीर चोटें आई हैं किसी तरह से घायल युवक को परिवार जन बचाकर ले गए।



### आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

आरोपियो के द्वारा तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी दी गई। लखनादौन अस्पताल के चिकित्सक नाजुक हालत को देखते हुए जबलपुर रेफर कर दिया गया। मारपीट, तलवार और रॉड से आई गंभीर चोटें का इलाज जबलपुर में अधिवक्ता उदय एवं निरंजन यादव आज दिनांक तक अस्पताल मैं भर्ती रहकर इलाज करवा रहे हैं पुलिस के द्वारा आरोपी दो महिलाओ को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें से एक महिला की माननीय न्यायालय द्वारा जमानत याचिका रद्द कर दी गई जिसमें तीन आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। अधिवक्ताओं के ऊपर दिनों दिन हमला में वृद्धि हो रही है जिस कारण अधिवक्ताओं में भी रोष है इन आरोपियो के द्वारा पहले भी ग्रामीणो से किसी भी बात को लेकर विवाद कर मारपीट की घटना करते आ रहे। इन पर कई आपराधिक मामले भी दर्ज है। गांव में दशहत का माहौल है।

## ग्राम चांवड़ी में हुआ पथ संचलन



सिवनी नवभारत। आरएसएस का आज चावड़ी में पथ संचालन हुआ। गोपालगंज खंड के अंतर्गत ग्राम चावड़ी में पथ संचालन किया गया जिसमे आर एस एस के सभी पदाधिकारियों एवं संघ के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया यह आर एस एस का पथ संचालन का कार्यक्रम अपने समय पर सम्पन्न किया गया।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम




**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन मे भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम 10 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग एवं डॉ. सविता मसीह, डॉ. ज्योत्सना नावकर, डॉ. लीडिया कुमरे, डॉ. मानसिंह बघेल, प्रो. जैन कुमार पंचेश्वर, प्रो. सतेन्द्र कुमार शेन्डे की उपस्थिति में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्याम सिंह राहंगडाले द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर उपस्थित मुख्य अतिथि, अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के बारे में बताया साथ ही मुख्य अतिथि एडवोकेट मंगला शेन्डे के द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के बारे में बताया और साथ ही छात्र/ छात्राओं को योग और ध्यान करने के लिए प्रेरित किया गया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग, डॉ. मानसिंह बघेल, प्रो. सतेन्द्र कुमार शेन्डे द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर व्याख्यान दिया गया और विद्यार्थियों को स्वास्थ्य रहने के लिए प्ररित किया, इसी के साथ डॉ. लीडिया कुमरे द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य रहने के लिए योग व ध्यान जरूरी हैं। एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहने के लिए योग व ध्यान करना आवश्यक हैं। अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी द्वारा उपस्थित समस्त प्राध्यापक, सहा. प्राध्यापक, अतिथि, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी शिक्षक एवं समस्त, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## पब्लिक स्कूल का अभूतपूर्व प्रदर्शन, छात्राओं ने मारी बाजी

सिवनी नवभारत। पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी द्वारा 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक वन संरक्षण सप्ताह मनाया गया जिसमे विविध प्रतियोगिताओ की छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर का आयोजन किया पब्लिक स्कूल जिसमें अभूतपूर्व प्रदर्शन दिया। जिसमें कॉलेज प्रतियोगिता में पहला स्थान में अलिस्बा खान कक्षा 8 में और मेहंदी प्रतियोगिता में पहला स्थान अलीसबा खान कक्षा 8 ने बनाया। वहीं दूसरे स्थान में अरीबा खान कक्षा 9 में और



चेहरा पेंटिंग में पहला स्थान जुनेरा खान रही। दुसरे स्थान में अलिस्बा खान कक्षा 8 इसके अलावा तीसरे स्थान पर शाहजहाँ बी रही। इसके बाद हथेली पेटिंग में पहला स्थान में अलिस्बा खान, दुसरा अरीबा खान व ड्रेस प्रतियोगिता में दुसरा स्थान पर पर आयशा रही। वहीं दूसरे स्थान पर लकमीम खान रही। प्रतियोगिता शांति पूर्वक संपन्न हुई जिस पर स्कूल की प्रबंधक में इस मेहनत पर उन्हें ढेर सारी बढ़ाई शुभकामनाएं दी। जिससे स्कूल के सभी छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ा।

### एक नजर में

## मौसम बिसेन ने सिवनी नगर का किया दौरा



सिवनी। नगर में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य एवं राज्य मंत्री मौसम बिसेन का दोपहर 1 बजे सिवनी आगमन हुआ पिछड़ा वर्ग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा तथा स्थानीय कार्यक्रम विश्राम गृह एवं भाजपा कार्यालय पूर्व विधायक नरेश दिवाकर के निवास एवं सुदेश राहंगडाले के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं परिचितों से भेंट किया गया मौसम बिसेन का प्रत्येक स्थान में स्वागत सम्मान किया गया शाम 6 बजे सिवनी से बालाघाट के लिए प्रस्थान हुआ।

## स्वयंसेवक निरंतर कर रहे रक्तदान



सिवनी। इंदिरा गांधी जिला हॉस्पिटल सिवनी में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा एक जरूरतमंद व्यक्ति श्याम हरिनखेड़े की भांजी रचना वंशकार को रक्तदान किया गया। इस मानवता से प्रेरित कार्य में संगठन के सदस्य सूरज चौहान द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता दीपक रजक, अरुण रजक एवं शिवा तिवारी उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारिय जिला उपाध्यक शिवा तिवारी एवं दीपक रजक ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है, जरूरतमंद की सहायता करना हमारा कर्तव्य और धर्म है। यह कार्य अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की समाजसेवा और मानवता के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाता है।

## मेडिकल स्टोरों की जांच एवं डोर-टू-डोर सर्वे के निर्देश

सिवनी। कफ सिरप जांच के लिए गठित संयुक्त दलों की समीक्षा हेतु कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की सभी तहसीलों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अब तक की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए कि प्रतिबंधित दवाइयों के साथ-साथ मेडिकल दुकानों की खरीद-बिक्री, स्टॉक पंजी, लाइसेंस की गहन जांच की जाए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के वैध प्रिस्क्रिप्शन के बिना किसी भी दवा की बिक्री न हो तथा लाइसेंसधारी व्यक्ति का दुकान में उपस्थित रहना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने संयुक्त दलों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डोर-टू-डोर सर्वे कर कफ से ग्रसित बच्चों की जानकारी संधारित करें तथा उपचार में प्रयुक्त दवाइयों के संबंध में विवरण एकत्र करें।

## पापुलर समर सेट क्लब ने फायनल में जीते खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार से किया सम्मानित



**सिवनी नवभारत।** पापुलर समर सैट के तत्वधान में होने वाले फीडर सेंटर खेलो इंडिया अंडर 18 का फाइनल मुकाबला सिवनी ग्रीन और सिवनी ब्लूज़ के मध्य खेला गया। जिसमें सिवनी ग्रीन 1 के मुकाबले 3 गोलों से विजय रही। गोलकीपर नम्रता ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मैच में निर्णायक की भूमिका एशियन अंपायर रमीज़ कुरैशी एवं लोकल अंपायर आसिम खान ने निभाया। विजेता टीम के ओनर खालिद उमर थे।

समर सैट क्लब के अध्यक्ष मिंटू पाशा ने बताया कि आज के इस मैच की मुख्य अतिथि श्रीमती मनु धुर्वे खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती मकसूदा मिज़ा 'थी। मकसूदा मिर्जा ने एक हजार रूपये की राशि प्रदान की इसी तरह शबनम खान ने भी 500-500 रूपय के इनाम से पुरूस्कृत किया।

आज के इस फाइनल मैच के रोमांचक मुकाबले में पधारे सिवनी के वरिष्ठ नागरिक एवं शहर के समस्त हॉकी प्रेमियों में मुमताज़ अली, मिर्ज़ा साहब रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ,आबिद पटेल, अमर बी सिंग , खालिद उमर, तनवीर अहमद , आसिफ लाल , असद खान उपस्थिति रहे।

आयोजन को सफल बनाने में फिरोज़ खान (पापुलर शूज़) आरिफ खान (सचिव समर सैट) फिरदौस खान (न्यू पापुलर शूज़), अरशद खान , सिफत खान, एवं मकसूद खान की रही।

## भीमगढ बांध के डूब क्षेत्र में महिला के डूबने की आशंका, तलाश जारी

**नदी के किनारे पर महिला का मोबाइल,टिफिन और चप्पल मिले**

**छपारा नवभारत।** 10 अक्टूबर को सुबह लगभग 11 बजे नगर से लगभग 22 किलोमीटर दूर एशिया के बड़े मिट्टी के बांध संजय सरोवर भीमगढ बांध के डूब क्षेत्र जहां लगभग चार-पांच स्थानों पर भीमगढ बांध का पानी भरने के बाद वहां टापूओं में हो गई जिसमें खेती कार्य जटील होने के बाबजूद ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है जहां बैंनगंगा नदी के जलस्तर से आने - जाने के लिए ग्रामीणों ने पत्थरों को रखकर पानी अधिक होने पर भी पैदल पगडंडी पानी में डूबे रास्ते से करते रहे परंतु यह शुक्रवार को खेतों में जाते हुए एक महिला डूबने की आशंका जताई जा रही है जिसे ढूंढने के लिए परिजन, पूरा गांव एवं



भीमगढ चौंकी का पुलिस बल द्वारा तलाश करने में लगे हुए हैं वहीं पूरा दिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया परंतु लापता महिला का कुछ भी पता नहीं चल पाया है।

मिली जानकारी के अनुसार भीमगढ जलाशय के डूब क्षेत्र मोहली निवासी अनिता डेहरिया पति विजय डेहरिया 47 वर्ष 10 अक्टूबर को बांध के डूब क्षेत्र की टापू पर स्थित खेत पर मक्का तुडाई करने सुबह लगभग 11 बजे निकली थी परन्तु शाम तक लौटकर वापस घर नहीं पहुंची जिसकी सूचना विजय डेहरिया ने समीप पुलिस चौंकी भीमगढ पर दी गई लापता महिला अनिता का मोबाइल, टिफिन और चप्पलें नदी किनारे रखे हुए 11 अक्टूबर को सुबह से तलाशी अभियान को मिले वहीं पूरा दिन नदी के बड़े हिस्से को खंगालने पर भी अनिता डेहरिया का कुछ भी पता नहीं लग पाया है। दरअसल बांध के पानी भरने के बाद भी लगभग चार-पांच जगहों पर टापूनुमा जमीन उभरकर रहने पर मोहली, सागर और ताखला ग्राम के ग्रामीण इन टापूओं में दिक्कतें और जोखिम होने के बाबजूद खेती करने लगे ग्रामीणों ने नदी पर पत्थरों का कमर तक गहराई का पैदल चलने वाला रास्ता बनाया और उसपर जोखिम के बाबजूद आना-जाना करने लगे।

दोपहर जिला सिवनी से एसडीईआरएफ ने पहुंचकर भी अपना रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।भीमगढ चौंकी प्रभारी मुरलीधर पटेल द्वारा शाम 6 बजे तक बताया गया कि महिला के तलाशी की जा रही है वहीं लापता महिला के परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा भी रेस्क्यू टीम की जा कोशिशों में मदद की जा रही है।

### आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ

सिवनी। कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि कल्याण एवं कृषि विकास विभाग सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ कार्यक्रम सजीव प्रसारित किया गया।

## विधायक ने किया बीजादेवरी विद्यालय का भूमिपूजन

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बीजादेवरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण कर ग्रामीणों को विकास कार्य की शुभकामनाएं दिया। आज निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजादेवरी मे आयोजित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे सहभागिता कर फीता काट कर विद्यालय का लोकार्पण किया। इसके पूर्व आपके ग्राम आगमन पर ग्रामीणों द्वारा फूल वर्षा व कलश लेकर भव्य आगवानी की गयी। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन कर नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना कर उत्साह वर्धन किया।

इस दौरान विधायक दिनेश



राय मुनमुन ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की मंशानुरूप दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षण सुविधाओं की कमी को दूर करने एवं शैक्षणिक संसाधनों के विकास हेतु सरकार द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है। जिसमें नये विद्यालय भवन निर्माण, पुराने भवनों का जीर्णोद्धार, शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं आवश्यक संसाधनों की पूर्ति की जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को एक बेहतर शैक्षिक अनुभव मिले और गांव मे ही सकारात्मक वातावरण मे वे अपनी पूरी लगन से पढ़ाई कर सकें।

### मिलेगी सुविधाएं

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि यह सर्वसुविधायुक्त नवनिर्मित स्कूल भवन मे सभी आवश्यक सुविधाएं हैं जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास मे सहायक बनेगी। यही नही यह विद्यालय ग्राम बीजादेवरी सहित आस-पास गांवों के विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई के लिए भी अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा मंडल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

**धर्मसभा** — अहिंसा द्वार का लोकार्पण एवं पिच्छिका परिवर्तन समारोह

# पटाखों से करोड़ों रुपयों का नुकसान होता है

**सिवनी नवभारत।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मन्दिर सिवनी में महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर महाराज,मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सानिध्य में 11अक्टूवर को प्रात: काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई, कमेटी ने बताया कि अहिंसा द्वार का लोकार्पण समारोह एवं पिच्छिका परिवर्तन समारोह संपन्न होगा ,25अक्टूबर को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर से दोपहर 1बजे मुनि संघ एवं श्रद्धालु पिच्छिका की शोभा यात्रा के साथ बुधवारी नगर पालिका चौक नेहरू रोड़ पहुंचेंगे वहां,अहिंसा द्वार लोकार्पण समारोह की मांगलिक क्रियाये संपन्न होगी फिर वापिस आकर पिच्छिका परिवर्तन समारोह दोपहर 2 बजे से होगा जिसमें भारत के कई नगरों से लोग



शामिल होगे।

इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुएमुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि पटाखों से हमे आर्थिक नुकसान के साथ साथ शारीरिक हानि भी पहुँचती है। बेजुबान पशु पक्षी पीडित भयभीत होते है। प्रतिवर्ष कई अग्निकांड होते हैं। लाखों करोड़ों रुपयों का नुकसान होता है। इसके निर्माण में कई मासूम भोले बच्चे अपनी जीवन लीला समाप्त कर देते हैं और हमारे लिए पटाखे तैयार करते हैं। पटाखों का त्याग करेंगे तो स्वच्छ सुंदर वातावरण पर्यावरण मिलेगा। हमारी गली,मोहल्ला,नगर,शहर, गांव ,कॉलोनी स्वस्थ बनेगी। रासायनिक जहरीली गैसों व धुंए के प्रदूषण से बचाव होगा।पटाखे खरीदने, बेचने, फोड़ने का त्याग करते हैं तो असंख्यात जीवो की हिंसा के पाप से बच सकते हैं। करोड़ो सूक्ष्म जीवों ने हमारा और आपका क्या बिगाड़ा है। हम पटाखे फोड़ कर उन सूक्ष्म जीवों को क्यों मारे क्यो लाखो भवो के बैर का बंध करे और करोड़ो जीवो को अभयदान दे। हम इसके बिना भी दीपावली मना सकते हैं पटाखों की आवाज इतनी तेज होती है कि सुनने की क्षमता भी बाधित होती है खासकर बच्चों बुजुर्गों पर इन पटाखों की आवाज का कुछ ज्यादा ही असर पड़ता है ,जिन पटाखों को चलाकर हम इतने सारे जीवो की हिंसा करते है वह धन बचा कर हम गरीब लोगों को मिठाई, वस्त्र, औषधि और अन्य वस्तुएं अर्पण कर सकते हैं।

पटाखों का धुआं बादल बनकर हमारे वायुमंडल को नुकसान पहुँचा रहा है। ऐसे कितने घर हैं जहां आर्थिक तंगी के कारण घरो मैं चिराग तक नहीं जल पाते हैं और हम पटाखे चलाते है। दीपावली में हो रही हजारों दुर्घटनाओं का कारण पटाखे है। कितने बच्चे युवा अपंग हो रहे हैं प्रतिवर्ष देश भर में 6000 करोड रुपए से अधिक के पटाखे फोड़े जाते हैं। पटाखों के धुए से वायुमंडल में सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा कई गुना बढ़ जाती है सभी के स्वास्थ्य के लिए घातक है। बच्चे बुजुर्ग बीमार व्यक्ति इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

